राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग

क्रमांक : परीक्षा/2026/594 दिनांक: 26/11/2026

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत स्नातक सेमेस्टर परीक्षा–2026 के परीक्षा आवेदन पत्र भरने संबंधी विज्ञप्ति

पूर्व में जारी विज्ञप्ति क्रमांकः परीक्षा/2026/471 दिनांक 27.10.2026 एवं परीक्षा/2026/514 दिनांक 17.11.2026 की निरन्तरता में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत आयोजित होने वाली स्नातक सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु अधिनियम –199 G1 से G21 (Notification No. 35 एवं 38) के अन्तर्गत तथा स्नातकोत्तर एवं व्यावसायिक सेमेस्टर पद्धति के शैक्षणिक सत्र 2026–27 में राजस्थान विश्वविद्यालय के विभाग, संघटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के विभिन्न संकायों में अध्ययनरत स्नातक, स्नातकोत्तर एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रम के नियमित (Regular) एवं स्वयंपाठी (Non-Collegiate) परीक्षार्थियों के परीक्षा फॉर्म **वेबसाईट** www.univraj.org एवं https://erp.univraj.org पर ऑनलाईन माध्यम से भरे जाने हेतु कार्यक्रम निम्नानुसार प्रस्तावित है:–

क्र. सं.	पाठ्यक्रम	सामान्य शुल्क से तिथि	विलम्ब शुल्क रू. 100/– सहित	विलम्ब शुल्क रू. 500/– सहित
1	Three/Four Year Bachelor of Arts/Science/Commerce/ B.SC. Bio-Tech./ B.Sc. Home Scince/ Bachelor of Computer Application/ Bachelor of Business Administration/ Bachelor of Performing Arts/ Bachelor of Visual Arts (B.A., B.Sc., B.Com., B.Sc. Bio-Tech., B.Sc. Home Science, B.C.A., B.B.A., B.P.A. and B.V.A) प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के नियमित (Regular) परीक्षार्थी	29.10.2026 से 02.12.2026 तक	03.12.2026 से 06.12.2026 तक	07.12.2026 से 09.12.2026 तक
2	Three/Four Year Bachelor of Arts/Science/Commerce (B.A., B.Sc., B.Com.) प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम एवं छठे सेमेस्टर के स्वयंपाठी (Non-Collegiate) परीक्षार्थी			
3	स्नातकोत्तर नियमित तृतीय सेमेस्टर तथा स्वयंपाठी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर			

नोटः
1. **विश्वविद्यालय की शेष परीक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्र भरे जाने हेतु शीघ्र ही पृथक से विज्ञप्ति जारी की जावेगी।**
2. **सर्वर डाउन की समस्या से बचने के लिए, आवेदन की अंतिम तिथि का इन्तजार नहीं करें।**
3. **परीक्षा संबंधी समस्त सूचनाओं हेतु वेबसाईट www.uniraj.ac.in एवं www.univraj.org का निरन्तर अवलोकन करें।**

सामान्य निर्देश

1. विश्वविद्यालय के समस्त नव प्रवेशित पाठ्यक्रमों में नियमित विद्यार्थियों का CSV File के माध्यम से ही आवेदन होगा। अतः महाविद्यालय/विभाग यह सुनिश्चित करें कि नियमानुसार योग्य परीक्षार्थियों की ही CSV File Upload करें।
2. **NEP में UG के नियमित विद्यार्थियों को सेमेस्टर के अन्त में परीक्षा (EoSE) में पात्रता हेतु सतत् मूल्यांकन में न्यूनतम सी–ग्रेड (C-Grade) (न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक) व न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति आवश्यक होगी। अतः परीक्षार्थी अपनी योग्यता की जॉच कर ही परीक्षा आवेदन पत्र भरें।**
3. परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु ABC ID आवश्यक है। अतः विद्यार्थी परीक्षा आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर **स्वयं का मोबाईल नम्बर, ई–मेल आई.डी., आधार कार्ड नम्बर व** ABC ID दर्ज करें, गलत सूचना दर्ज की जाने पर आवेदन पत्र निरस्त की जिम्मेदारी आवेदक की होगी।
4. परीक्षा विज्ञप्ति एवं विस्तृत दिशा–निर्देश वेबसाईट **www.uniraj.ac.in and www.univraj.org** पर उपलब्ध हैं। परीक्षा संबंधी कतिपय नियमों के लिए परिशिष्ठ "अ, ब" देखें। विस्तृत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय हैण्डबुक के संबंधित अधिनियम विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा फॉर्म अग्रेषित करने संबंधी प्रक्रिया हेतु दिशा–निर्देशों का अवलोकन करें।
5. परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में विनिर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से होगी। परीक्षा शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। **परीक्षा शुल्क का भुगतान किये जाने के पश्चात् 24 घंटे की समयावधि में पोर्टल पर Payment Verify की जॉच करने पर यदि Payment Not Success होता है (भुगतान नहीं होता है) तब पुनः (दुबारा) भुगतान की प्रक्रिया प्रारम्भ करें। निर्धारित समयावधि से पूर्व अतिरिक्त भुगतान की जिम्मेदारी आवेदक की होगी तथा विश्वविद्यालय में जमा परीक्षा शुल्क वापस (Refund) नहीं होगा।**
6. यदि Payment Success के उपरान्त भी यदि आवेदक जानबूझकर एक से अधिक परीक्षा आवेदन के लिए भुगतान किया जाता है तो समस्त जिम्मेदारी आवेदक की होगी, तथा विश्वविद्यालय में जमा अतिरिक्त परीक्षा शुल्क वापस (Refund) नहीं होगा।
7. परीक्षा आवेदन पत्र भरने से पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का सावधानीपूर्वक अवलोकन करें। परीक्षा आवेदन पत्र तथा नामांकन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी पर यथा स्थान हस्ताक्षर मय आवश्यक दस्तावेजों तथा पूर्व में उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण सभी अंकतालिकाओं के साथ **आगामी दो कार्य दिवसों में, संबंधित महाविद्यालय/विभाग में आवश्यक रूप से जमा करवाना होगा। परीक्षा आवेदन सह नामांकन आवेदन पत्र जमा नहीं कराने की स्थिति में प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जावेगा। परीक्षार्थियों द्वारा डाक से प्रेषित परीक्षा आवेदन सह नामांकन पत्र को स्वीकार नहीं होगा। अतः निर्धारित समय में संबंधित महाविद्यालय में ही परीक्षा सह नामांकन आवेदन पत्र जमा करायें। महाविद्यालयों द्वारा अग्रेषित परीक्षा आवेदन सह नामांकन आवेदन पत्र ही स्वीकार होंगे।**
8. संबंधित महाविद्यालय एवं **परीक्षार्थी स्पष्टतया नोट करे कि विश्वविद्यालय द्वारा छात्र/छात्राओं को एक बार ही नामांकन संख्या आवंटित की जाती है, भविष्य में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के संदर्भ में आवंटित की गयी नामांकन संख्या पूर्ववत (Same as already allotted) रहेगी।**
9. स्नातक (कला/विज्ञान) परीक्षा में जिन स्वयंपाठी परीक्षार्थियों ने प्रायोगिक विषय का चयन किया है उन्हें प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है। **अतः प्रायोगिक विषयों के प्रशिक्षण हेतु संबंधित महाविद्यालयों में सम्पर्क करें, अन्यथा वे प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे।'**
10. परीक्षार्थी एक समय में केवल एक ही पूर्ण सेमेस्टर में प्रवेश हेतु पात्र होगा।
11. परीक्षा आवेदन सह नामांकन आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी समस्या के लिए हेल्पलाईन नम्बर **7726953531, 9251198577** अथवा *टोल फ्री नम्बर 18001806433 एवं आई.सी.आई.सी. बैंक का हेल्प लाईन नम्बर 9372505528* पर सम्पर्क कर सकते हैं।

26.11.26

परीक्षा नियंत्रक